PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए | विशेषांक | E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 10 » जयपुर: 23 दिसंबर 2024 से 7 जनवरी 2025 » RNI No : RJHIN/2002/9810 » वार्षिक सहयोग 500 रूपए

जयपुर मेट्रो के विस्तार और अन्य मार्गों पर संचालन के लिए प्रमुख शासन सचिव गालरिया ने ली बैठक

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर मेट्रो के फेज 2 की डीपीआर अपडेशन अन्य संभावित मार्गों पर मेट्रो संचालन की संभावना तलाशने, चयनितरास्तों की डीपीआर तैयार करने आदि के संबंध में शासन सचिवालय में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने समीक्षा बैठक ली। गालरिया ने कहा की जयपुर वासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए की इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आंकलन किया जाएं ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग हो सके, साथ ही सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्ता पर दिए गए समय सीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किए जाए ताकि आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने इस बैठक में जयपुर एयरपोर्ट की मेट्रो कनेक्टिविटी की योजना की भी समीक्षा की। गालरिया ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट पर हर माह हजारों की संख्या में यात्री आते हैं, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल 1 पर। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है की जयपुर एयरपोर्ट मेट्रो के लिए प्रभावी कार्ययोजना बना अतिशीघ्र काम शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा की जेडीए द्वारा जो कार्य प्रस्तावित है उनका जयपुर मेट्रो के साथ समन्वय किया जाए।

नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081 कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : राज्यपाल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है। बागडे रविवार को एक होटल में नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081 कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने का निरंतर प्रयोग होता रहा, पर यह जीवंत संस्कृति है। उन्होंने प्राचीन भारतीय अधिकारों की चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने आजादी से पहले गजट में लिखा है कि भारत में जितने गुरुकुल हैं, उतने ब्रिटेन में भी नहीं हैं। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत, दशक्रमव के प्रयोग आदि की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक काल से हमने उन सिद्धांतों को स्थापित कर दिया जो बाद में पश्चिम ने अपने नाम किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का गौरवमय इतिहास शिक्षा पद्धति से ही पता चलता है। भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसे सभी प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के लोग अपने इतिहास को भूल जाते हैं, उनका भूगोल भी कम होता जाता है। इसलिए सनातन भारतीय मूल्यों के लिए सभी मिलकर कार्य करें। भारत को विकसित राष्ट्र बनाएं। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने सभी का आभार जताया। राज्यपाल ने आरंभ में नवोत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्राचीन भारत के गौरवमय शासकों, सनातन संस्कृति से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

जगत पिता ब्रह्मा के दर्शन कर मांगी नव वर्ष में सभी की खुशहाली की दुआ

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नव वर्ष के आगमन से पूर्व परिष्कार पत्रिका परिवार और पाठकों की खुशहाली के लिए पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में किए जगत पिता ब्रह्मा के दर्शन और सभी के मंगल कामनाओं के लिए लिया आशीर्वाद। परिष्कार पत्रिका प्रधान संपादक हेमलता किरार और संपादक रविसिंह किरार ने आने वाले नव वर्ष 2025 में परिष्कार पत्रिका की प्रगति और सभी पाठकों के लिए परम पिता से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर रविसिंह किरार ने बताया कि परिष्कार पिछले कुछ वर्षों से तेजी से प्रगति की अग्रसर है जिसमें ओर गति बढ़ाने के लिए और अपने पाठकों और विज्ञापनदाताओं की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

आवासन आयुक्त ने प्रतापनगर जयपुर में योजनाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने जयपुर के प्रताप नगर के सेक्टर 5, 26 और 28 में प्रस्तावित योजनाओं और मण्डल खाली पड़ी जमीन का व्यापक निरीक्षण और समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ शर्मा ने अधिकारियों को उपलब्ध भूमि का उचित सीमांकन सुनिश्चित करने और क्षेत्र में बढ़ती मांग के अनुरूप पारंपरिक शीपिंग और आवासीय योजनाओं की योजना बनाने के निर्देश दिए। संसाधनों के उपयोग को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपलब्ध व्यावसायिक संपत्तियों को नीलामी के लिए शीघ्र सूचीबद्ध किया जाए।

पारदर्शिता बनाए रखने और अतिक्रमण को रोकने के लिए आवासन आयुक्त ने क्षेत्र में मंडल की सभी जमीनों पर संपत्ति बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। सेक्टर 6 में डॉ शर्मा ने सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया और इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विकास समिति के पदाधिकारियों से इसके पुनर्विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए।

राजस्थान मंडपम को समय से करें पूरा, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा मंडपम : मुख्यमंत्री भजनलाल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यवसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संग्रहाय विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की।

देश में राजस्थान बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन घोषित

ट्रेवल प्लस लीजर ने दिया अवार्ड

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ट्रेवल प्लस लीजर के पीपुल्स च्वाइस सर्वे अवार्ड में राजस्थान को देश का सबसे बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन का खिताब दिया गया है। नई दिल्ली स्थित आईटीसी मौर्या में आयोजित समारोह में पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुष्मिता सरोच ने यह अवार्ड ग्रहण किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान को बेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग का अवॉर्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह पुरस्कार राजस्थान की विरासत, कला-संस्कृति, खान-पान और स्थानीय लोगों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को बेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग का पुरस्कार मिलना राज्य सरकार की नीतियों व पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स की सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। वहीं पर्यटन सचिव रवि जैन ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में राजस्थान पर्यटन सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। पर्यटन विभाग के आयुक्त विजयपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश पर्यटन विभाग पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय सुविधाओं को वैश्विक मानकों के अनुसार विकसित कर रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के कुशल नेतृत्व व पर्यटन सचिव रवि जैन के दिशा-निर्देशन में राजस्थान पर्यटन रेकॉर्ड उपलब्धियां हासिल करेगा। गौरतलब है कि राजस्थान में देश की 68 फीसदी हैरिटेज संपत्तियां हैं। राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर के अतिरिक्त पुष्कर, सवाईमाधोपुर व शेखावाटी क्षेत्र भी वेडिंग डेस्टिनेशन के रुप में अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं।

महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल कावेरी पथ मानसरोवर

साइकिल वितरण समारोह में 9वीं कक्षा की बालिकाओं मिली साइकिल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत मानसरोवर के कावेरी पथ स्थिति महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल की नवी की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। यह योजना राज्य सरकार द्वारा चालू की गई है इसके 32 छात्राओं को साइकिल वितरण प्रोग्राम में स्थानीय पार्षद रामकतार गुप्ता तथा एस डी एम सी के सदस्य लोकेश बंसल के के गुप्ता, बीना जैन, लोकेश बंसल तथा वार्ड के अन्य नागरिक उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। साइकिल वितरण कार्यक्रम के पश्चात प्रधानाध्यापक अनु चौधरी ने सभी आगंतुक महानुभावों का आभार व्यक्त किया, साथ ही छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे नंबर लाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अलग अलग क्षेत्रों में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए मोटिवेट किया।

एनयूबीसी के वरीष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरि भाऊ बांगडे से राजभवन में नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस एनयूबीसी के संरक्षक डॉ मदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, प्रदेश महासचिव श्रवण मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कृषि विपणन बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह कठोल, प्रेमचंद बैरवा, सुरेश मीणा, एडवोकेट मानसिंह सिंह, मनोज टोंक, पिंकी प्रेमलता मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान जनजाति विकास परिषद राजस्थान ट्राइबल डेवलपमेंट कार्पोरेशन की ओर से आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष मांगें प्रस्तुत कीं। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से आदिवासी क्षेत्रों के लिए अधिक बजट आवंटन, इन क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए अधिक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने, परिषद को सशक्त बनाने, परिषद को और प्रभावी बनाने के लिए नई योजनाएं और अधिकार प्रदान करना। रोजगार, आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति, आदिवासी समुदाय के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उनकी आर्थिक एवं शैक्षणिक प्रगति के लिए योजनाएं संचालित करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से संस्कृति उत्थान के लिए सांस्कृतिक उत्थान, आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विशेष कार्यक्रम लागू करने का आग्रह भी किया। राज्यपाल बांगडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी सराहना की। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और परिषद को अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात आदिवासी समुदाय के हितों और उनके उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडल ने इस सहयोग के लिए राज्यपाल का धन्यवाद किया।

सेंट एंसलम पिंक सिटी स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट एंसेलम पिंक सिटी स्कूल मालवीय नगर में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। सेंट एंसेलम व स्कूल के प्रांगण में खेल दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि जय नारायण, चीफ कोच भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम, मुख्य अतिथि फादर एस जेवियर एसजे और ज्ञानदीप समिति के अध्यक्ष फादर एडवार्ड

ओलिवेरा बडे धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल वाहक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के चारों सदनों की मार्च पास्ट बैंड धुन के साथ एलुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 ओपन कर कार्यक्रम को गति दी गई। समारोह में विभिन्न आकृषक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य आकर्षण जैसे नन्हें-मुन्ने बच्चों की जलेबी रेस, रिंग कलेक्शन, 400 मीटर रेस, रिले रेस आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने काफी एंजॉय किया। आत्मरक्षा के ताइक्वांडो प्रदर्शन ने सभी को वाहवाही ली। विद्यालय प्रधानाचार्य फादर पाल पुलिकल के नेतृत्व में सम्पूर्ण खेल प्रदर्शन सफलता पूर्वक हुआ। अभिभावकों और बच्चों ने एक साथ मिलकर खेल दिवस का आनंद लिया।

सेंट जोसफ स्कूल में बाल मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर जयपुर में बाल-मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल शम्भू शर्मा ने बताया कि बाल मेले में बच्चे अपने सपनों को साकार होते हुए देखता है, सपनों की उड़ान भरता है एवं तनावरहित माहौल में एक-दूसरे से सीखता एवं समझता है। इस बाल-मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल जैसे भेलपुरी, पॉवभाजी, समन-ढोकला, आइसक्रीम, मिल्कशेक, पंजाबी लस्सी इत्यादि लगाई गई। बाल मेले में विद्यार्थियों ने जम्पिंग बाऊन्सर, वर्टिकल झूला, जॉय कार इत्यादि विभिन्न प्रकार के झूलों का आनन्द लिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं समा बांध दिया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि मोतीलाल मीणा, पार्षद एवं योगेन्द्र शर्मा, प्राचार्य डाईट गोनेर जयपुर रहें। संस्था के निदेशक डॉ मुदित विलियमस् एवं सचिव भानू विलियमस् ने विद्यार्थियों के साथ मेले का आनन्द उठाया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक एवं अध्यापकों का भी मनोरंजन होता है और ऐसे कार्यक्रमों से सभी में नई उर्जा का संचार होता है।

प्राचार्य डॉ एस डी शर्मा ने मुख्य अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया और विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई स्टॉलों की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं चयनित स्टॉलों को पुरूस्कृत किया।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हरबाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
Gmail: parishkarpatrika@gmail.com
खास खबरें वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानव जीवन अनेक रंगों से सुसज्जित एक कलाकृति है। यहाँ शांति का सफेद रंग है, खुशहाली का हरा रंग है, सौंदर्य का पीला रंग है, प्रेम का लाल रंग है तो दुःखों का काला रंग भी है। एक रचना को सुंदर बनाने के लिए सभी रंगों की अपनी-अपनी भूमिका है और सभी रंग अपने आप में महत्वपूर्ण भी हैं। यहाँ पर व्यक्ति ही भिन्न-भिन्न नहीं हैं अपितु आपके प्रति उनका व्यवहार भी भिन्न-भिन्न ही होता है। जीवन में एक ही व्यक्ति से सारी उम्मीदें या सभी लोगों से एक ही उम्मीद लगाना ही अनुचित है। यहाँ कोई सिखायेगा, कोई परखेगा, कोई शोषण करेगा, कोई पोषण करेगा, कोई डरायेगा, कोई जगायेगा और कोई ऐसा भी मिल ही जायेगा जो तुम्हें गले से लगायेगा और पाषाण से मूर्ति की भाँति तुम्हारे सर्वश्रेष्ठ रूप को बाहर लायेगा। प्रत्येक व्यक्ति से तुम्हारी प्रत्येक मुलाकात कुछ न कुछ अवश्य प्रदान करेगी। विविधता ही जीवन को रंगीन बनाती है। पढ़ाई, भलाई और समुद्र की गहराई का कोई अंत नहीं है। अपने चले नवरथ में हम ईश्वर का धन्यवाद देते हुए सभी की खुशहाली और विकास की दुआएं करें। जीवन के सभी रंगों और फलों के सभी फ्लेवर का अपना अलग आनंद है। इसलिए सभी रंगों सुख-दुख सभी का आनंद लें। सदैव सकारात्मक रहें, प्रेम से रहे और दूसरे को आगे बढ़ाने का जज्बा रखे। किसी से जरूरत से ज्यादा उम्मीद नहीं रखे तो निश्चित रूप से नव वर्ष में ज्यादा खुश रह पाएंगे अपने साथ-साथ अपने परिवार को अधिक खुशहाल कर पाएंगे। जहाँ प्रेम होता है वहाँ परमात्मा भी जीव के बस में हो जाते हैं। प्रेम में अद्भुत सामर्थ्य है, चाहे केवट के आगे हो, चाहे शबरी के आगे हो, चाहे हनुमानजी के आगे हो, चाहे सुग्रीव के आगे हो या चाहे विभीषण के आगे हो, प्रेम के वशिभूत होकर कितनी ही बार उन प्रभु को झुकते देखा गया है। प्रभु प्रेम में झुके हैं इसलिए जो प्रेम स्वयं भगवान को झुका सकता है। यह इंसान को भी अवश्य झुका सकता है। यदि आप दूसरों से प्रेमपूर्ण व्यवहार करते हैं तो आप उनके हृदय पर अपना अधिपत्य भी जमा लेते हैं। किसी को जीतना चाहते हैं तो प्रेम से जीतो, बल के प्रयोग से तो किसी-किसी को ही जीता जा सकता है लेकिन प्रेम द्वारा सबको जीता जा सकता है। प्रेम वो शब्द है जो संबंधों को मधुर बनाता है, मधुर संबंध पारिवारिक खुशहाली को जन्म देते हैं और पारिवारिक खुशहाली ही तो एक सफल एवं आनंदमय जीवन की नींव है। इसलिए अपने और अपने परिवार को खुशहाल करने की पहल करें। जय हिन्द। जय भारत।।

मेडिकल एजुकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान को बनायेंगे मॉडल स्टेट : चिकित्सा मंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान को मेडिकल एजुकेशन व स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की दृष्टि से मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग विभिन्न मेडिकल कॉलेज, मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित अन्य परियोजनाओं के कार्यों को टाइमलाइन में पूरा करे।

चिकित्सा मंत्री स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज का संकल्प पूरा करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है ताकि रोगियों को सुलभ स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं अपने निकटतम स्थान पर उपलब्ध हो सके। साथ ही चिकित्सा शिक्षा के लिए प्रदेश में युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

खींवसर ने कहा कि राजकीय क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रदेश की दूसरी मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के कार्य को गति दी जाए। इससे मेडिकल कॉलेज के संचालन एवं प्रबंधकीय व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने नए मेडिकल कॉलेजों के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इनका निर्माण समय पर पूर्ण करने के साथ-साथ क्वालिटी का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

चिकित्सा मंत्री ने मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सक शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए इन पदों को यथा शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्तियों को समयबद्ध रूप से पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री स्वयं भर्तियों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार रिक्त पदों को भरने का कार्य मिशन मोड में हो।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल में निर्माणाधीन आयुष्मान टावर एवं इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज कार्डियक टॉवरबद्ध के निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए। इनका सुरामतापूर्वक संचालन करने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने अस्पताएपरस को रिस्क के रूप में विकसित करने के प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए और अब तक किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल का पूर्ण उपयोग होने से एसएमएस अस्पताल पर मरीज भार कम हो सकेगा।

खींवसर ने कहा कि सभी बड़े अस्पतालों में रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए तकनीकी नवाचारों को जल्द लागू किया जाए। रोगी एवं परिजनों के लिए शुद्ध खाद्य सामग्री एवं जलपान के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सुरक्षा के भी मजबूत इंतजाम हो।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं, अस्पतालों एवं अन्य सुविधाओं का फील्ड में वीरे कर निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही, वहां बैठक कर परियोजनाओं को पूरा करने में आ रही बाधाओं को भी दूर किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए निरीक्षण में सामने आने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, संयुक्त सचिव गौरव बजाड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में विटामिन-ए चरण का संचालन 29 दिसम्बर तक होगा आयोजन

9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जिले में विटामिन ए के चरण का संचालन किया जा रहा है। गत 29 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हुआ यह चरण आगामी 29 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीय जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भर्गाविया ने बताया कि बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन ए आँखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। विटामिन ए देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। विटामिन ए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण डॉ सौरभ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र पर विटामिन ए की 2 एमएल तथा 9 माह से 12 माह के बच्चों को विटामिन-ए की 1 एमएल खुराक पिलाई जा रही है। जिन स्थानों पर आंगनबाडी केन्द्र पर आशा सहयोगिनी का पद रिक्त है वहाँ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा और जिस आंगनवाड़ी केंद्र पर आशा सहयोगिनी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दोनों का पद रिक्त है, उन सभी क्षेत्र के बच्चों को निकट के उपस्वास्थ्य केंद्र की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है।

डॉ दौलतराम माल्या एवं संतोष मीरवाल मिथिला ग्लोबल डवार्ड से सम्मानित

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मधुबनी बिहार में अयाची नगर युवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित ग्लोबल यूथ कानक्लेव व मिथिला ग्लोबल अवार्ड समारोह में राजस्थान राज्य से समाजसेवी आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या व संतोष कुमार मीरवाल को मिथिला ग्लोबल अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि पश्मश्री शिवन पासवान ने भेंट किया। इस अवार्ड के लिए प्रत्येक राज्य से एक व्यक्ति का चयन किया गया और राजस्थान से डॉ माल्या एवं मीरवाल को चुना गया। समारोह में देश भर से कुल 15 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि डॉ माल्या मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हैं और संतोष कुमार मीरवाल वुमन पावर सोसलिटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक हैं। उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए डॉ माल्या व मीरवाल को इससे पूर्व भी अनेक संस्थाएँ सम्मानित कर चुकी है।

मुख्यमंत्री ने किया जेडीए की अटल विहार, गोविंद विहार एवं पटेल नगर आवासीय योजनाओं और ई-साईन सेवा का शुभारंभ

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण की अटल विहार, गोविन्द विहार एवं पटेल नगर तीन आवासीय योजनाओं तथा जेडीए की आनलाईन नाम हस्तांतरण की ई-साईन सेवा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगरीय विकास स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी उपस्थित थे। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा कुल 756 भूखण्डों के आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे, जिनका आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। यह योजनाएं गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं। जेडीसी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नाही का बास में विकसित की गई है। इस योजना में 284 भूखण्ड उपलब्ध हैं और ऑनलाईन आवेदन 18 दिसंबर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक किए जा सकेंगे। लॉटरी 29 जनवरी 2025 को निकाली जाएगी। गोविन्द विहार आवासीय योजना जोन-10 में गोविन्दपुरा-रोपाडा में विकसित की गई है, जिसमें 202 भूखण्ड हैं। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन 25 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होंगे और अंतिम तिथि 24 जनवरी 2025 है। लॉटरी 05 फरवरी 2025 को निकाली जाएगी। पटेल नगर आवासीय योजना भी जोन-10 में खोरी-रोपाडा में विकसित की गई है, जिसमें कुल 270 भूखण्ड हैं। इस योजना में आवेदन की प्रारंभ तिथि 14 जनवरी 2025 से होगी और अंतिम तिथि 13 फरवरी 2025 है। लॉटरी 24 फरवरी 2025 को निकाली जाएगी। उक्त तीनों योजनाओं में आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी जेपिग्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है या ई-मित्र कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से आमजन को प्रदान की जाने वाली नाम हस्तांतरण की आनलाईन सेवा में आवेदन किए जाने पर जारी किए जाने वाले नाम हस्तांतरण पत्र को ईकृसाईन के माध्यम से आवेदक को उपलब्ध करवाने की सुविधा विकसित की गई है। इस अवसर पर जेडीए सचिव निशांत जैन, समस्त निदेशक समस्त अतिरिक्त आयुक्त सहित जेडीए के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

महात्मा गांधी विद्यालय बैनाड दौलतपुरा के विद्यार्थियों ने जीता मैडल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बैनाड दौलतपुरा में जनरल नॉलेज प्रतियोगिता की गई।

यह कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा के निर्देशन में जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में करीब 100 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। समाजसेवी सुनील जैन की ओर से प्रथम मनीष वैष्णव, द्वितीय अवनीश कुमार, तृतीय यशराज सिंह चौहान और नितिन सैनी को दूधड़ा व गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर नीलम, दर्शिका मिश्रा, किरण गोयल, नीतू टेलर, सपना कुमारी शर्मा और अशोक कुमार मीणा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

क्या आपको पता है कि इनविजिबल डिसेबिलिटी क्या होती है

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हमने पिछले हफ्ते देखा की निरवाना वर्ल्ड ने डिसएबल बच्चो के लिए पिंक सिटी प्रेस क्लब में बहुत अच्छा कार्यक्रम करवाया। जिसके दौरान बहुत से बच्चों ने अपना हुनर दिखाया, उनमे से बहुत से बच्चों को देखकर आप बता सकते है कि वो डिसएबल है। उनकी डिसेबिलिटी विजिबल है। लेकिन इनविजिबल डिसेबिलिटी भी होती है जैसे कि लर्निंग डिसेबिलिटी, डिस्लेक्सिया, डिस्केल्कुलिया एडीएचडी, अस्पेजर्स और गिफ्टेड चिल्ड्रन इनको आप देख कर नहीं कह सकते हैं कि इनहे किसी तरह की कठिनाई या चुनौतियों का सामना करना पड रहा है।

कलर्स ऑफ होप स्पेशल एजुकेशन नीड्स सेंटर में ऐसे ही बच्चों के साथ काम करा जाता है ये बच्चे आमतौर पर सामान्य विद्यालयो में ही जाते है और वहाँ के वातावरण में और तीव्रता से बढ़ रहे बच्चों के साथ ये तालमेल नहीं बना पाते, इसी कारण इनहे बहुत मुश्किलों का सामाना करन पडता है क्योंकि अध्यापक और समाज उन्हे नहीं समझ पाता। उनको लगता है कि ये बदमाश है, जान जानबूझ कर ऐसा कर रहे हैं, तंग कर रहे है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है।

समाज में जागरुकता लाने के लिए कलर्स ऑफ होप एक पैरेंट सपोर्ट प्रोग्राम चलाता है जिसमे ऐसे बच्चों के माता-पिता और परिवार के सदस्यों की सहायता की जाती है और अपने बच्चे और उसकी कमजोरियों को अपनाने के लिए जागरूकता फैलाई जाती है यह प्रोग्राम सफलता पूर्वक चल रहा है। और माताओं ने इसमे अपने परिवार के सदस्यों को शामिल किया है जिससे दूसरे लोगों में भी बदलाव आ रहा है और वे बच्चों को बेहतर समझ रहे हैं तभी कलर्स ऑफ़ होप ने एक कैंपेन ब्लिन्ड अवेयरनेस ब्रेक टेबू शुरू करा है जिसका लक्ष्य है कि वह ऐसे समाज का निर्माण करे जहाँ बच्चों में भेदभाव ना हो उन्हें भी सब समझे और अपनाए। सबको अंदर समानता का भाव हो। "हम नहीं चाहते की कोई हमे क्या की नज़रों से देखे, हम चाहते है कि वो हमे इज्जत दे कर उसी नजर से देखे जैसे दूसरो को देखते है।"

ये सपोर्ट प्रोग्राम माह में दो बार डेढ़ घंटे का होता है, यह दो प्रकार से करा जाता है ऑनलाइन और ऑफलाइन जिससे इसे हम ज्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंच सके और एक समावेशी समाज का निर्माण कर सकें।

जन मुद्दों के समाधान के लिए माकपा छेड़ेगी प्रदेशव्यापी सघन आंदोलन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की राजस्थान राज्य कमेटी का 24वां सम्मेलन 13 से 15 दिसम्बर 2024 को हनुमानगढ़ में बेहद जोश और ऊर्जा भरे माहौल में सम्पन्न हुआ। गहन विचार विमर्श के साथ प्रदेश की जनता की इन अनसुनी पीड़ाओं से निजात दिलाने के अनेक कार्यक्रम हाथ में लेकर श्रृंखलाबद्ध आंदोलनों के जरिये पूरजोर तरीके से जन आवाज मुखर की जावेगी।

इस सम्पन्न सम्मेलन में आगामी कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से 35 सदस्यों की नयी राज्य कमेटी चुनी गई, जिसमें सीकर से कामरेड किशन पारीक को राज्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इस 35 सदस्यों की राज्य कमेटी में कामरेड अमराराम, रामेश्वर वर्मा, फूलचंद, दुलीचंद, श्योपत राम, छगनलाल, किशन पारीक, सुमित्रा चोपड़ा, पेमा राम, रामरतन बगडिया, संजय माधव, रामप्रसाद जांगिड़, मोतीलाल शर्मा, महादेव, सुन्दर बेनीवाल, हरफूल सिंह, अबिद हुसैन, रघुवीरवर्मा, कालू धोरी, निर्मल प्रजापत, गौतम डामोर, विमल भगौरा, भागीरथ यादव, दुर्गा स्वामी, बी एस राणा, रईसा, राजेश बिजारणिया, किशन मेघवाल, सीमा जैन, भंवर सिंह शेखावत, बलवान पूनियां, राजेश सिंघवी, रामचन्द्र शर्मा, वकील सिंह, हबीब खान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ साथी हेत राम बेनीवाल, वासुदेव, रविन्द्रभुवला को विशेष आमंत्रित व कमला मेघवाल चन्द्रकला वर्मा, शेरसिंह शायव ओमप्रकाश यादव व छात्र-युवा मोर्चा से 6 अन्य आमंत्रित सदस्य भी चुने गये। इसके साथ ही गुरुचरण सिंह मोड़, मंगल सिंह, पुष्पा शर्मा का तीन सदस्यों का कन्ट्रोल कमीशन भी बनाया गया है जिसके प्रभारी गुरचरण सिंह मोड होंगे।

इस सम्मेलन में बेपनाह बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, महिला और दलित अत्याचार की रोकथाम, शुद्ध पेयजल, आदिवासियों को जंगल से रोजगार को छीनने के दुष्प्रयासों पर रोक लगाने, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी और किसानों को फसल का समर्थन मूल्य, नशा खोरी की रोकथाम आदि पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इसके लिए संघर्ष चलाने का संकल्प लिया गया। इसे ताजू करने के लिए माकपा प्रदेशव्यापी सघन आंदोलन छेड़ेगी और पीड़ित आमजनता को राहत दिलाने का काम करेगी।

पधारो म्हारे देश भारत शिखर सम्मेलन जयपुर में

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने किया शिखर सम्मेलन का भव्य शुभारंभ





परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पधारो म्हारे देश भारत शिखर सम्मेलन, प्रदर्शनी और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नार्ली ग्रुप ग्लोबल फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर पर्यावरणीय स्थिरता और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना था।

केंद्रीय पर्यटन कला और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके साथ हवामहल विधायक बाल मुकुन्दाचार्य, आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी और नार्ली ग्रुप ग्लोबल फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नार्ली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो मेरा देश मेरी ज़िम्मेदारी मेरा गौरव के मंत्र को साकार करता है। जयपुर जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक संभावनाओं का प्रतीक है, इस आयोजन के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की ताकत उसकी युवा पीढ़ी के नवाचार और ऊर्जा में निहित है। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृतकाल के विज़न के तहत हमें एक से अनेक बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान वनीन एयर एंड ब्लू स्काईउ अभियान की सराहना की, जिसके तहत 50,000 फलदार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के विज़न को साझा करते हुए नार्ली ग्रुप ग्लोबल फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह नार्ली ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। यह आयोजन पर्यावरणीय स्थिरता और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है।

विशिष्ट अतिथि विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को आधुनिक समय के साथ जोड़ने का एक उत्कृष्ट प्रयास है। वहीं आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने कहा कि यह आयोजन भारत के पर्टटन और सांस्कृतिक धरोहर को नई दिशा देने में सहायक होगा। सनातन आंदोलन से जुड़े जय आहूजा और भाजपा नेता राजेश गुर्जर ने इस पहल को सांस्कृतिक संरक्षण का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में 21 एवं 23 दिसंबर 2024 देशभर के विशेषज्ञों, विचारकों और युवा नेताओं के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

पहले दिन के कार्यक्रमः 21 दिसंबर 2024 में वीम भारत की स्वेज प्राचीन परंपराएं आधुनिक समय में: स्वागत समारोह गार्ड ऑफ ऑनर तिलक समारोह और लोक संगीत। उद्घाटन सत्र दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती वंदना और मुख्य संबोधन। पैनल चर्चाओं के विषय : भारत की परंपराओं को आधुनिक दृष्टिकोण से देखना। युवा नेतृत्व और ग्रामीण सशक्तिकरण के माध्यम से सांस्कृतिक समृद्धि। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और पुरस्कार वितरण।

23 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वीम भारत के सांस्कृतिक उत्थान और स्थिर भविष्य के लिए वैश्विक नेतृत्व। युवा संवाद पर्टटन और स्थिरता के लिए सशक्त विचार। पैनल चर्चा, युवा नेतृत्व द्वारा स्थिरता और पर्टटन को बढ़ावा। धरोहर संरक्षण में व्यवसायों की भूमिका। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समापन समारोह।

विश्व मैडिटेशन दिवस पर ब्रहमकुमारीज वैशाली नगर जयपुर में भव्य आयोजन

500 से अधिक लोगों ने साधा ध्यान और मानसिक शांति एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए ध्यान को अपनाने का लिया संकल्प

परिष्कार पत्रिका





जयपुर। ब्रहमाकुमारीज के वैशाली नगर स्थित प्रभुनिधि सभागार में प्रथम विश्व मैडिटेशन दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व ब्रहमाकुमारीज सबजोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ध्यान मैडिटेशन के महत्व को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है। रमा चोपड़ा जिला प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा आज के समय में ध्यान मानव जीवन का आधार बन चुका है। यह मानसिक शांति और संतुलित जीवन का एक अनिवार्य साधन है। डॉ सुदीप्ति अरोड़ा रिसर्च साइंटिस्ट एवं सहायक निदेशक, डॉ बी लाल इंस्टीट्यूट ऑफबायोटेक्नोलॉजी ने अपने अनुभव साझा करते हुए ध्यान के वैज्ञानिक और व्यक्तिगत लाभों पर प्रकाश डाला। चंद्रमोहन बटवाला वरिष्ठ स्वयंसेवकद्ध ने कहा, ध्यान मनुष्य को सही दिशा प्रदान करने का माध्यम है। यह जीवन के हर पहलू को सशक्त और सकारात्मक बनाता है। डॉ राकेश नागर आयुर्वेद फिपार्टमेंट ने ध्यान और आयुर्वेद के समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि दोनों मिलकर सम्पूर्ण स्वास्थ्य का आधार बन सकते हैं। डॉ निखिल बंसल कंसल्टेंट महाराजा गांधी हॉस्पिटल ने बताया कि वर्तमान समय में चिकित्सा क्षेत्र भी ध्यान को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रभावी मानता है। कार्यक्रम के दौरान वैशाली नगर सेवा केंद्र प्रभारी बीके चन्द्रकला दीदी ने बताया कि यह कार्यक्रम ध्यान के प्रति जनजागृति लाने और इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए आयोजित किया गया है। साथ ही जयपुर सबजोन से जुड़े हुए अनेक सेवाकेन्द्रों पर प्रथम विश्व मैडिटेशन दिवस को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कर्नल शंकर शर्मा, योगी मनीष विजयवर्गीय, ग्यारसी लाल यादव, घासीराम अग्रवाल, नरेन्द्र सेवानी और केसी यादव सहित 500 से अधिक भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने ध्यान को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने के महत्व को रेखांकित किया। प्रतिभागियों ने ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने और इसे अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः रुदरक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः झटकाण, पवेराबाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः सीलण, शर्मा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं प्रिंटिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः महलोत, शर्मा, कायथ। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

---

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोब्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः कायथ, तुगरिया, माथर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः माथर, डाबला, महलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः तुगरिया, डाबला, निर्वाण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः माथर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः बनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः इन्दौरा, कटारिया, तुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः तुगरिया, माथर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः बिगाश, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ. सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। मोब्रः निर्वाण, बावलिया, शर्मा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मन से लागू करें : राज्यपाल

राजस्थान विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया : कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मन से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह नीति ऐसी है, जिससे भारत आने वाले समय में वैश्विक ज्ञान में महाशक्ति बन सकेगा। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा नीति नैतिक मूल्यों से मनुष्य को जोड़ने वाली है। इससे देश के लोग सुजागरिक बनने की राह पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने और शिक्षकों को इसमें अपना महती भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बागडे राजस्थान विश्वविद्यालय, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, रूसा कम्पोनेन्ट 13, एम.एम.टी.टी.सी, राजस्थान विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन ही नहीं है, यह व्यक्ति को मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत करने का मार्ग है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चर्चा करते हुए कहा कि वह सच्चा व्यक्ति नहीं समय पर जोर देते थे। नई शिक्षा नीति इसी दृष्टिकोण से जुड़ी है। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में मानव मूल्यों को ही प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नए से नए ज्ञान से अपने को जोड़ें रखेगा तभी विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमता का निर्माण कर पाएगा। उन्होंने शिक्षकों को मन से विद्यार्थियों को पढ़ाई कराने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि मैकाले ने भारतीय शिक्षा नीति को पूरी तरह से पश्चिमीकरण करने का प्रयास किया। देश में शिक्षा आयोग और नीतियां बनी परंतु हम पश्चिम की सोच से मुक्त नहीं हुए। शिक्षा में मातृ भाषा और जीवन व्यवहार की शिक्षा जरूरी है। नई शिक्षा नीति इसी से जुड़ी है। इसलिए इसे व्यवहार में लागू करने के लिए सभी प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान में आरंभ से ही समृद्ध रहा है। उन्होंने भास्कराचार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने शून्य का जो वैज्ञानिक निष्कर्ष अपने समय में दिया, उसे ही पश्चिम के लोगों के ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि भारत अपने ज्ञान से विश्वगुरु था। फिर से उस ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर कार्यशाला की स्मारिका का भी लोकार्पण किया।

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जिसने सर्वप्रथम नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। विश्वविद्यालय द्वारा कला, वाणिज्य, ललित कला, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान संकाय के स्नातक पाठ्यक्रमों में सैमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम एन.ई.पी के अनुरूप लागू कर दिये गये हैं। विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी नवीन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए 19 कौशल विकास एवं 11 मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम प्रारंभ

किए गए हैं। विश्वविद्यालय में आनंदम जैसे कोर्स वर्क भी प्रारंभ किए गए हैं, जिसके तहत 40 से अधिक विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों में आनंदम कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा ने नई शिक्षा नीति को प्राचीन भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा से जुड़ा बताते हुए कहा कि दशकों तक शिक्षा में जड़ता रही है। रटने पर ही शिक्षा में जोर दिया जाता रहा है परन्तु नई शिक्षा नीति समता आधारित समाज निर्माण के साथ समावेशी दृष्टिकोण लिए समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देने वाली है। शिक्षा संस्कृति न्यास के डा. अतुल कोठारी ने नई शिक्षा नीति को अपनाने के लिए उसे व्यवहार में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश को बदला जा सकता है। देश को विकास की नई राह दिखाई जा सकती है। उन्होंने शिक्षा संस्कृति न्यास के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। कॉलेज शिक्षा आयुक्त आरुषि मलिक ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में किए जाने वाले नवाचारों के बारे में अवगत कराया। कॉलेज आयुक्त ओमप्रकाश बैरवा ने नई शिक्षा निति क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय कार्यशाला में होने वाली चर्चा के बारे जानकारी दी। नितिन कासलीवाल ने कार्यक्रम का संयोजन किया व राजस्थान विश्वविद्यालय एम.एम.टी.टी.सी की निदेशक व अयोजन सचिव प्रो. रश्मि जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मेहरड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर डॉ अम्बेडकर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया

परिष्कार पत्रिका

चित्तौड़गढ़। समाज सेवी, भारतीय दलित सहिता अकादमी के प्रदेश महामंत्री समर्पण संस्था के उपाध्यक्ष एवं डॉ अंबेडकर विचार मंच के प्रदेश महासचिव चित्तौड़गढ़ निवासी बनवारीलाल मेहरड़ा को समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय एसराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर 8 व 9 दिसंबर 2024 को भारता अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय 40वां अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन पंचशील आश्रम दिल्ली में डॉ अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। पंचशीलआश्रम दिल्ली में 40वां राष्ट्रीय दलित साहित्यकार महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनलाल सुमनाश्कर मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री समाज कल्याण व्यय एवं अधिकारिता मंत्री सत्यनारायण गौतम, भारत सरकार के पूर्व मंत्री ओपी आजाद एवं यूके उत्तम कुमार परिहार सदस्य राज्य परिषद नेपाल राष्ट्र के अलावा अनेक राज्यों के अकादमी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन में दलितोत्थान क्षेत्र की विश्व जगत की अनेको विभूतियों को विविध क्षेत्रों में पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राजस्थान प्रांत के साथ-साथ देश के अन्य प्रांतों व अमेरिका, नेपाल, भूटान, थाइलैंड, केरल, उड़ीसा व सिक्किम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बीएल मेहरड़ा को यह राष्ट्रीय अवार्ड गरीब, असहाय, जरूरतमंद परिवारों की सेवा करने और उनके बच्चों को निशुल्क पढ़ाने, समर्पण संस्था के द्वारा ऐसे बच्चों को गोद लेकर उन्हें पाठ्य सामग्री व फीस चैक देने, वस्त्र वितरण करने, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के प्रति आवाज उठाकर उन्हें उचित न्याय दिलवाने, राज्य सरकार व केंद्र सरकार की भावी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उचित लाभ दिलवाने, रक्तदान शिविर, नेत्रदान शिविर, वृक्षारोपण करना, पक्षियों

हेतु पिंडे लगाना, गरीब बच्चों की सहायता करने के साथ-साथ दहेजप्रथा, मृत्यु भोज, अंधविश्वास व रूढ़ीवादी विचारधाराओं को खत्म करने का प्रयास करने रहने पर यह फेलोशिप अवार्ड दिया गया है। बी एल मेहरड़ा को यह राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर समाज के अनेको गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं व संगठनों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहां है कि मेहरड़ा विद्वता, संघर्ष और समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रति अटूट निष्ठा के प्रतीक हैं। आपकी यह उपलब्धि ने न केवल समाज का बल्कि सभी समाज के लोगों को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया है! बी एल मेहरड़ा ने भी सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी इसी प्रकार से आशीर्वाद व प्यार बनाए रखें।

सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर होगा रंगारंग कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका

अजमेर। हिंद सेवा दल की एक बैठक का आयोजन राजकीय संग्रहालय के पास गोल प्याऊ नया बाजार पर दल के अध्यक्ष आर के महावर की अध्यक्षता में किया गया। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। जिसमें नववर्ष, सुभाष चंद्र बोस जयंती, सामूहिक विवाह सम्मेलन, हेमूकालाणी जयंती आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। सोमर आर्य ने सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर हिंद सेवा दल के स्थापना दिवस को भी जोर शोर से मनाने पर जोर दिया। जिसमें देशभक्ति कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक प्रोग्राम करने का विचार रखा, जिसे सभी उपस्थित जनों ने सहमति प्रदान की। इस अवसर पर कुलदीप खन्ना, पुष्कर नारायण परमार, महेंद्रपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, पुनीत भार्गव, महेंद्र जोशी, प्रकाशखन्ना, दिलीप तंबोली, अमित जोशी, पियूष सुराणा, संजय सहित अन्य गणमन्य मौजूद थे।

नेशनल मुक्केबाज गोल्ड मेडलिस्ट राधेश्याम किरार का निधन

परिष्कार पत्रिका जयपुर। हथरोई बावड़ी जयपुर निवासी राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के विजेता रहे गोल्ड मेडलिस्ट राधेश्याम किरार का बीमारी के चलते 16 दिसंबर 2024 को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से बाक्सिंग खिलाड़ियों में शोक व्याप्त है। 3 वर्ष की उम्र से बाक्सिंग में अपना केरियर शुरू करने वाले राधेश्याम किरार ने कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मैडल और ट्रॉफी से सम्मानित होकर अपना और अपने परिवार एवं देश का नाम रोशन किया। सरकार की अनदेखी और परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन में राधेश्याम अपना केरियर आगे नहीं बढ़ा पाए। वे हथरोई के बाहर ही एक छोटी सी टेबल काउंटर पर छोटी-मोटी वस्तुएं बेचकर अपने जीवन की गाड़ी को खींच रहे थे। बीच-बीच में जैसे जैसे समय मिलता वे नियमित रूप से 25 से ज्यादा बच्चों को बाक्सिंग में तैयार कर राष्ट्रीय और

राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में उतारा। 1991 में कोच बनने के बाद से उन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए। खासतौर महिला सशक्तिकरण जागरूकता को लेकर उन्होंने बेटियों को बॉक्सिंग में तैयार किया। उनके शिष्य देश और विदेश में मैडल जीत कर देश का नाम रोशन कर रहे है।

दुर्गा देवी और चौथूराम किरार के पुत्र राधेश्याम किरार का जन्म 1 जनवरी 1967 में जयपुर में हुआ था। बचपन से ही उनका खेलों के प्रति लगाव था। 13 वर्ष की उम्र प्रशिक्षण प्राप्त कर राधेश्याम ने बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रखा था। धन के अभाव और गरीब परिवार से होने के कारण गुरूजी ने उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया तो राधेश्याम ने भी दिल लगाकर मेहनत की और अपने पंच से प्रतिद्वंद्वियों को धाराशायी किया। उन्होंने दो नेशनल प्रतियोगिताओं और आठ बार स्टेट चैंपियनशिप में भाग लिया और मैडल जीते। उनके निधन से परिवारजनों और रिश्तेदारों सहित समाज को अपूर्णीय क्षती हुई है। वे अपने पीछे पत्नी कृष्णा देवी, दो पुत्र कपिल और प्रवीण, एक पुत्री प्राची को छोड़ कर गए हैं। समाज के गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न संस्थाओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। परिष्कार पत्रिका परिवार की तरफ से श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार और रविसिंह किरार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

महत्वपूर्ण फैसलों से बदलती राजस्थान की तस्वीर

संशोधित पीकेसी योजना के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू

शेखावाटी अंचल को बहुप्रतीक्षित यमुना जल उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू

ऊर्जा क्षेत्र में केंद्रीय पीएसयू के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 38,447 आवास पूर्ण 1 लाख 55 हजार नए आवासों की स्वीकृति

पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 20 हजार रूफटॉप सोलर संयत्र स्थापित

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 30,297 आवास पूर्ण, 30,408 नए आवासों की स्वीकृति

लगभग 96 हजार कृषि कनेक्शन और 4 लाख 64 हजार घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत 8 रूपये में भरपेट भोजन, प्रति थाली सरकार की तरफ से 22 रुपये का अनुदान

किसान सम्मान निधि में 70 लाख से अधिक कृषकों को 5500 करोड़ रुपये से अधिक राशि हस्तान्तरित

लगभग 26 हजार सोलर पम्प सेट की स्थापना के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुदान

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं मा वाउचर योजना प्रारम्भ

5 नये मेडिकल कॉलेज बारां, बांसवाड़ा, नागौर, झुन्झुनूं एवं सवाई माधोपुर में प्रारम्भ

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एम.ओ.यू.

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे रोपित

सड़क निर्माण पर लगभग 15000 करोड़ रुपये व्यय

43000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां

10.22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, 5257 करोड़ रुपये व्यय

एमजेएसए 2.0 में 5000 गाँवों में 1 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स कार्य

दस नवीन नीतियां

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना | राजस्थान मिनरल पॉलिसी | राजस्थान एम-सेण्ड पॉलिसी | राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी | इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी

राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी | राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति | इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट स्कीम | राजस्थान एक्पोर्ट प्रमोशन पॉलिसी | राजस्थान टूरिज्म यूनिट पॉलिसी

निभाई जिम्मेदारी, हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान सरकार

श्रृद्धा सुमन

:: स्व. राधेश्याम किरार ::
[पुत्र श्री चौथूराम किरार]
निवासी हथरोई बावड़ी जयपुर

स्व. राधेश्याम किरार

परलोक गमन : 16 दिसम्बर 2024
तीर्तन : 26 दिसम्बर 2024
पगड़ी व शीशी पूजन
: 27 दिसम्बर 2024

: श्रद्धानवत :
कृष्णा देवी पत्नी, कपिल, प्रवीण किरार पुत्र, प्राची किरार पुत्री, भागचंद किरार, जसवंत किरार, जयपाल किरार भ्राता एवं समस्त किरार परिवार और
परिष्कार पत्रिका परिवार

53, हथरोई बावड़ी, अजमेर रोड़, जयपुर 302006

श्रृद्धा सुमन

:: स्व. विजय सिंह किरार ::
निवासी शास्त्री पार्क दिल्ली

स्व. विजय सिंह किरार

परलोक गमन : 18 दिसम्बर 2024
हवन, कीर्तन : 28 दिसम्बर 2024
पगड़ी व शीशी पूजन एवं प्रतावी :
29 दिसम्बर2024

: श्रद्धानवत :
समस्त किरार परिवार और
परिष्कार पत्रिका परिवार

एक ब्लॉक दुर्गा मंदिर, शास्त्री पार्क, दिल्ली 110053 मो 9899017616

श्रृद्धा सुमन

हम सभी हमारी पूजनीय
स्व. कांति लुगारिया की
9वीं पुण्यतिथि पर
श्रृद्धा सुमन
अर्पित करते हैं

: श्रद्धानवत :
हरीशंकर लुगारिया (पति),
शैलेन्द्र लुगारिया-मधु देवी (पुत्र-पुत्रवधु),
नर्वित, अर्पित (पौत्र)
एवं समस्त लुगारिया परिवार और
परिष्कार पत्रिका परिवार

: स्व. कांति लुगारिया :
स्वर्गवास 27-12-2015
पत्नी श्री हरीशंकर लुगारिया

धिवाहार नगर, जयपुर 302039 मो. 9351264881

विकसित भारत के लिए ज्ञान स्तंभ जरूरी : प्रो जनक सिंह

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। एस एस जैन सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय जयपुर एवं स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत में महिला सशक्तिकरण चुनौतियां एवं अवसर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 20-21 दिसम्बर 2024 के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर में गाँधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो जनक सिंह मीना ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को समान अवसर प्रदान करते हुए नये भारत का निर्माण करना होगा। भारत ज्ञान एवं विज्ञान के आधार पर ही विश्वगुरू रहा है, आज हमें सद्चरित्रता, ईमानदारी, मानवीय मूल्यों पर ध्यान देना होगा।

प्रो मीना ने कहा कि जी-गरीब, वाई-युवा, ए-अन्नदाता और एन-नारी अर्थात् ये चार स्तंभ विकसित भारत के लिए आवश्यक हैं। प्रो जनक सिंह ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विजन-2020 दिया और कार्य किया।

इसी परिपेक्ष में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 1947-2047 तक को अमृतकाल बताते हुए 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की संकल्पना दी है। इसे साकार करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक व्यक्ति को अपना शतप्रतिशत योगदान देना होगा। हमारे वेद-पुराण, उपनिषद, ग्रंथ, स्मृतियां ज्ञान के भण्डार हैं, आज आवश्यकता उसे व्यवहार में लाने की है। ऋग्वेद में बताया है कि पुरूष एवं महिलाओं के अधिकार समान हैं, उनके कर्तव्य अलग हो सकते हैं। प्रो मीना ने कहा कि हमें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आयुष्मान भारतए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ. बेटी पढाओ, वित्तीय समावेशन तथा नैतिक समानता आदि क्षेत्रों में बेहतर प्रगति हुई है जो विकसित भारत के लिए सुखद है।

राजस्थान सॉकर फुटसल एसो. की आमसभा आयोजित

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान सॉकर फुटसल एसोसिएशन कि आम सभा 22 दिसंबर को एडवोकेट भागचंद कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से राजस्थान सॉकर फुटसल एसोसिएशन को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नई कार्यकारिणी के अनुसार भागचंद कुमावत एडवोकेट अध्यक्ष, प्रेम सिंह राठौड उपाध्यक्ष, एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह महासचिव, किशोर मारोठिया सचिव, आशुतोष कुमावत कोषाध्यक्ष सहित सदस्य मीतकमल स्वर्णकार, अजय सिंह, नंदनी कुमारी, कविता बडड़िया, गिरधर गोपाल सिंह, असलम खान पठान को मनोनित किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन

संगोष्ठी के दूसरे दिन : वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय एवं इन्सपारा रिसर्च एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्र द्वितीय ए का उद्घाटन वनस्थली विद्यापीठ के प्रो अनिल मेहता ने किया। सत्र में विद्वानों ने ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी के कारण व निवारण पर तकनीकी शोध पत्र पढ़े। राजकीय महाविद्यालय जयपुर की व्याख्याता डॉ कमला तिवाड़ी ने तकनीकी विकास के दुष्परिणामों पर बोलते हुए कहा कि तुम्हारे शहर में आये हैं तो गांव से भी गए, मकान की आस में पीपल की छांव से भी गये। अतः यदि प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रारंभिक व गुढ विषयों को अपनाना होगा।

वित्तीय सत्र बी के मुख्य अतिथि वी जे यू के डॉ एन डी माथुर ने कहा कि आज के परिवेश में मल्टीडिसीपिलनरी शोध तथा कार्यों की आवश्यकता है। संगोष्ठी में आर यू के पूर्व प्रो रमेश अरोड़ा को उनके उत्कर्ष शैक्षणिक, सामाजिक जागरूकता कार्यों के लिए लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बेस्ट प्रजुकेटर, युवा वैज्ञानिक, बेस्ट शोध पत्र वाचन आदि के पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की डॉ आरती चोपड़ा ने किया। इन्सपारा रिसर्च के डॉ रविकांत मोदी व वैदिक कन्या महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ नेहा खत्री ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय जयपुर में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रारंभिक सत्र में डॉ जी सोरल मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सागर मध्य प्रदेश के प्रो डॉ मानवेंद्र सिह पाहवा रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ तालिका झा एवं आईआरए के डॉ रविकान्त मोदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस संगोष्ठी में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण क्षेत्र में हो रहे आधुनिक अनुसंधान तथा सस्टेनेबलिटी पर विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में दुबई की प्रो निकोलिन फिलिपिस के प्रो पास्टर आरग्युलिस, संयुक्त अरब अमीरात से प्रो क्षेप मोहम्मद आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये और पाठ्यक्रम को भी सस्टेनेबलसिटी सिद्धांत को ध्यान में रख कर बनाये जाने की और ध्यान दिलाया। तकनीकी सत्रों में विभिन्न कक्षाओं ने शोध पत्र पढे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ अर्चना पारीक ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एक स्मारिका व एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। महाविद्यालय की संरक्षिका मृदुला सामवेदी ने सभी शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया कि वे इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

चेतनापूर्ण जीवन शैली ही मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी : डॉ भोजक

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में चल रही मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी पांच दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस डा गिरीराज भोजक ने सचेतनता एवं विक्षिप्त तकनीकि विषय पर अपने व्याख्यान में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुडी विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधानों से सम्बधित तकनीकों पर प्रकाश डाला। सचेतनता से सम्बंधित दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक आयामों के बारे में बताते हुए उन्होंने गीता जैसे महान ग्रन्थ को दैनिक जीवन से सम्बंधित समस्याओं के समाधान की प्रमुख कुंजी बताया।

उन्होंने बताया कि सचेतना को बौद्ध दर्शन में सम्पज्ञा अर्थात् अपने मन एवं आन्तरिक परिवेश के प्रति स्पष्ट कहा गया है, जिसे शापिरो ने तीन चरणबद्ध आयामों से स्पष्ट किया है। शापिरो ने बताया कि हृदय चक्र को अपनी गहन आशाओं एवं मूल्यों के अनुरूप निर्देशित करते हुए हमें अपने वर्तमान पर अवधान केन्द्रण का प्रशिक्षण देना चाहिए, जिसके माध्यम से हमारा दृष्टिकोण करुणा, शांति एवं जिज्ञासा से ओत प्रोत हो सके। डॉ भोजक ने

विद्यार्थियों की न्यूल ध्यान केन्द्रण, अल्प स्मृति, दुश्चिंता, तनाव एवं अवसाद जैसी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर सचेतनता एवं विश्वासित तकनीकों के अभ्यास पर बल देते हुए विभिन्न तकनीकों के बारे में विचार रखे। जिनमें श्वास प्रेक्षा, ध्यान, कायोत्सर्ग तथा निर्देशित मानसिक दर्शन आदि प्रमुख थे। डॉ भोजक ने प्रतिदिन आत्मदर्शन हेतु समय निर्धारित करने और अपने प्रत्येक कार्य से पूर्व आत्मचिंतन का अभ्यास करते हुए सदैव निरपेक्ष चिंतन करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

विकास की धारा में पड़े जीवन पर नकारात्मक प्रभाव :

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन ने कहा कि वर्तमान युग तकनीकी विकास एवं डिजिटल क्रांति का युग है, जिसने मानव जीवन को सर्वाधिक प्रभावित किया है। विकास की धारा में हमारी जीवन शैली पर अनेक नकारात्मक प्रभाव भी हुए है। विद्यार्थी अनेक शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं, जिनमे तनाव, दुश्चिंता, विक्षप्त, न्यून अवधान, असंतुलित संवेग आदि प्रमुख हैं। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में दैनिक योगाभ्यास, ध्यान के सत्र के साथ प्रतिदिन मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े एक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में छात्राध्यापिकाओं के साथ डॉ मनीष भटनागर, डॉ अमिता जैन डॉ आभा सिंह डॉ गिरधारी लाल शर्मा, डॉ ममता पारीक, रेखा शर्मा आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला संयोजक डॉ गिरिराज भोजक ने आभार ज्ञापित किया।

शिक्षा में संस्कारों का समावेश हो : शिक्षामंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कोई मुख्यधारा से अलग होता है तो उससे देश और समाज को नुकसान होता है। देश का कोई भी वर्ग मुख्यधारा से अलग नहीं होना चाहिए। हमारी शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए। दिलावर उदयपुर दौरे पर रहे जहां वे आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेंसी की छात्राओं को चिंटर किट स्पेटर, जूते, मोजे वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दिलावर ने कहा कि इस साल

मानसून के दौरान 7 करोड़ से भी ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। अगले मानसून में 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा यह संकल्प है कि हर विद्यालय में खेल का मैदान हो इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की मंशानुसार जो छात्र जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है उसे यथोचित राजकीय सहायता दी जाएगी।

कैस्टेलिनों आई फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को सूखी राशन सामग्री का वितरण किया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कैस्टेलिनो आई फाउंडेशन द्वारा 20 जरूरतमंद माताओं को मासिक राशन का वितरण किया गया। कैस्टेलिनो आई फाउंडेशन द्वारा ये सेवा कार्य पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॅज़िल नाजरथ थे। संस्थापक माईकल कैथलीनों ने प्रार्थना कर सभी के लिए मंगल कामनाएं की और राशन सामग्री का वितरण किया। माईकल कैथलीनों को इस सेवा कार्य के लिए एक निजी होटल के समारोह को सम्मानित किया गया।

जयपुर क्रिश्चयन फैलोशिप की सामुहिक क्रिसमस आराधना का भव्य आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु यीशू के जन्मोत्सव क्रिसमस के उपलक्ष में जयपुर क्रिश्चयन फैलोशिप द्वारा इस वर्ष भी सामुहिक क्रिसमस आराधना का आयोजन बी एम बिडला ऑडिटोरियम पर भव्य रूप से किया गया। फैलोशिप के अध्यक्ष फादर डॉ जॉन मैथ्यू ने आरम्भ में सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी के लिए प्रार्थना की। फैलोशिप के सचिव जसटिन बोनीफेस ने बताया कि आराधना में जयपुर के विभिन्न चर्च एवं स्कूलों की गायन मंडलियों प्रभु यीशू के जन्म पर गाये जाने वाले विशेष गीत केरल्स की सुन्दर प्रस्तुति हिन्दी, अंग्रेजी एवं मलयालम भाषा में दी। इस अवसर पर चिल्ड्रन्स एकेडमी, सेन्ट जोजफ कॉन्वेंट, मारथोमा चर्च शिप्रा पथ, सीएनआई सेन्ट एन्ड्रूज चर्च चौंपाल, सेन्ट जेवियर चर्चए सी-स्कीम, सेन्ट थॉमस दि अपोसल चर्च मानसरोवर, लिविंग क्रिश्चयन मूवमेंट फैलोशिप अजमेर रोड़, एसडीए चर्च सिरसी रोड़, होली रिडिमर चर्च विवारू रोड़, सेंट थॉमस ऑर्थोडॉक्स चर्च डीसीएम, मेथोडिस्ट चर्च खातीपुरा, सेन्ट जॉन दि बैप्टिस्ट चर्च लालरपुरा चर्च एवं संस्थाओं की मंडलियों ने केरल्स प्रस्तुत किए।

खुदावंद अपने लोगों में आया है, आज का यह दिन, मेरीज बॉय चाइल्ड, दुनिया में यूं एक शोर मचा है, खामोश रातों की, झूमो नाचो गाओ, आओ खुशियां मनाएं, हार्क दि हैरल्ड एंजल्स सिंग, ओ होली नाईट, ओ प्यारी रात, गाए हर दिन गाए हर दिन, जॉय टू द वर्ल्ड केरल्स के मधुर स्वरों से पूरा ऑडिटोरियम गूंज उठा।

पादरी शाजी कोचूमल फादर एडवर्ड ओलिवरा, पादरी चंदन चन्द्रा ने बाईबल पाठ किया। फादर विजय पाल ने देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। क्रिसमस के विशेष संदेश में मुख्य अतिथि बिशप जोजफ कलाकरल ने कहा कि प्रभु यीशू का जन्म विश्व में शांति और प्रेम का संदेश लाया और हमें प्रभु यीशू के जन्म की खुशियों समस्त विश्व में शांति की प्रार्थना के साथ बांटनी चाहिये। उन्होंने समस्त समाज को आशीर्वाद प्रदान किया। आराधना के पश्चात क्रिसमस के केक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलम चौपड़ा, आशा जॉन, नेन्सी मार्कस आदित्य एडविन एवं प्रियंका चौपड़ा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन फैलोशिप के सचिव जस्टिन बोनीफेस ने किया एवं सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई, सभी बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की।

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज में हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस पर्व और नव वर्ष

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में क्रिसमस और नव वर्ष का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

विद्यालय के निदेशक ने बताया कि हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी क्रिसमस का पर्व विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर छोटे विद्यार्थी सांता क्लास

बने। सभी ने सांता क्लास की ड्रेस पहन कर विद्यालय प्रांगण को क्रिसमसमय बना दिया। विद्यालय में क्रिसमस ट्री लगाया गया, जिसमें सभी बालक-बालिकाओं ने विभिन्न मुद्रा में फोटो खिचवाएं। इस अवसर पर बच्चों टॉफियां केक वितरित किया गया। निदेशक रामलाल पाराशर ने बताया विद्यालय परिवार को क्रिसमस कार्यक्रम की तैयारियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

सि. न. 403 (सभी सुविधाओं से युक्त)

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल

सत्र - 1996-1997

प्रवेश प्रारम्भ

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कम्जोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, शैक्षिक वातावरण सुरक्षित एवं बोल-चुन, साप्ताहिक मार्ल रुम, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, मिनल समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक

17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान

Mob. No. 9351451481, 7726857268

सदाचार उच्च मा. विद्यालय

आकड़ू मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026

[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]

कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा प्रिंसिपल सदाचार उच्च मा विद्यालय

SADACHAR PUBLIC SCHOOL

(An English Medium Co-educational institute)

Ph. 3141519, 2202026

English Medium

Play Group to VIIIth

Conveyance Facility (Auto)

Based on N.C.R.T. Pattern

Sanjay Memorial Sr. Sec. School

17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur

Reg. No. : 248/81

8852009000, 9828030755

Admission Open

Play Group to XIIth

[Hindi/ English Medium]

इमरान अली, निदेशक

विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं शुद्ध विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष पेपरटै, सभी का प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट

हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश वर्मा प्रिंसिपल

विजयलक्ष्मी सी. सै. स्कूल

SAINT JOHN'S SCHOOL

Nursery to 6th

[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]

कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय

28-29, नटराज विहार कॉलोनी, सिरसी रोड, मांकरोटा, जयपुर मो. 9351552934

सि. नं. 259/2001

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त

जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल

संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]

JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL

(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)

प्रवेश प्रारंभ

44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावत जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6

Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

क्रिसमस एवं नव वर्ष के अवसर पर आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं

हार्दिक शुभकामनाएं

फादर संगीथराज एसजे
प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स विद्यालय नेवटा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

जसबीर सिंह
पूर्व चैयरमेन, राजस्थान माइनोरिटी कमिशन

हार्दिक शुभकामनाएं

फादर डॉ जॉन मैथ्यू
निदेशक, इमानुएल मिशन सी. सै. विद्यालय झोटवाड़ा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

फादर मारिया लॉरेंस
प्रिंसिपल, मोर्निंग स्टार सेंट एंसलम स्कूल मरतपुरा सांगानेर जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

सिस्टर नॉयल डिसल्वा
निदेशक, सेंट माइकल सी. सै. विद्यालय सुभाष चौक जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ मुदित विलियम्स
निदेशक, सेंट जोसफ एकेडमी सोसायटी, प्रतापनगर जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम जण्डेल
पूर्व बैंक प्रबंधक, एसबीआई, हटवाड़ा रोड़ जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

रामपाल मावर
डायरेक्टर, रेवार राम कंस्ट्रक्शन कं. अम्बेडकर कॉलोनी दुर्गापुरा जयपुर

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त

प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल

संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]

प्रवेश प्रारंभ

सिद्धार्थ सिंह चौहान

विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006

मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

हार्दिक शुभकामनाएं

सभी पाठकों एवं सभी प्रदेशवासियों को परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं आभार

हेमलता किरार एवं प्रधान संपादक

रवि सिंह किरार संपादक

परिष्कार पत्रिका परिवार

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,

रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6

ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06 मो : 9314407796, 9351311820

GMail : parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें

www.parishkarpatrika.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com

www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार